# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : कमेटी सैल/5412
दिनांक: 23.03.2023

समस्त प्राचार्य/निदेशक
बी०ए०एम०एस०/एम०डी०/एम०एस० (आयुर्वेद)
बी०यू०एम०एस०/एम०डी०/एम०एस० (यूनानी)
सम्बद्ध चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

कृपया अवगत होने का कष्ट करें कि बी०ए०एम०एस०/एम०डी०/एम०एस० (आयुर्वेद) एवं बी०यू०एम०एस०(यूनानी) पाठ्यक्रमों की मुख्य एवं पूरक परीक्षा अप्रैल/मई–2023 विश्वविद्यालय द्वारा करायी जानी प्रस्तावित है। जिसके सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा पत्रांक कमेटी सैल/आयुर्वेद/यूनानी/5410, 5411 द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों के परीक्षा फार्म भरवाये जा रहे हैं। विद्यार्थियों द्वारा उक्त से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के भरे गये परीक्षा फार्मो को आपके द्वारा अग्रसारित किया जाना है।

अतः उपरोक्त के आलोक में आप अपने महाविद्यालय/संस्थान में संचालित बी०ए०एम०एस०/एम०डी०/एम०एस० (आयुर्वेद) एवं बी०यू०एम०एस०, एम०डी०/एम०एस० (यूनानी) पाठ्यक्रमों की आगामी होने वाली प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष की मुख्य एवं पूरक परीक्षाओं हेतु विद्यार्थियों द्वारा भरे गये परीक्षा फार्म, जो आपके द्वारा अग्रसारित किये जाने हैं, उनके सम्बन्ध में सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य/निदेशक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र विश्वविद्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें कि आपके द्वारा अग्रसारित किये गये परीक्षा फार्मो से सम्बन्धित समस्त विद्यार्थियों का पठन–पाठन/उपस्थिति सी०सी०आई०एम० के नियमानुसार पूर्ण हो गयी है और अग्रसारित किये गये परीक्षा फार्मो से सम्बन्धित समस्त विद्यार्थी आगामी होने वाली मुख्य एवं बैक पेपर परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए अर्ह हैं। आपके द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त ही आपके महाविद्यालय/संस्थान की परीक्षाओं का आयोजन किया जायेगा।

23-03-2023
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. सचिव कुलपति को मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. व्यैक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।

23/03

सहायक कुलसचिव
(व्यव० परीक्षा)

AC